# उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग

23 एलनगंज, प्रयागराज–211002

पत्रांकः 1965 / 04(2026) / परीक्षा / 2026–27 दिनांकः 07 / सितम्बर / 2026

## विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज की विज्ञापन संख्या 01 / 2026 शिक्षक पात्रता परीक्षा (UPTET 2026) की लिखित परीक्षा दिनांक 02 व 03 जुलाई 2026 को दो–दो पाली तथा दिनांक 04 जुलाई 2026 को एक पाली इस प्रकार कुल 05 पालियों (03 पाली उच्च प्राथमिक स्तर एवं 02 पाली प्राथमिक स्तर) में प्रदेश के 60 जनपदों में 955 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न कराया गया है।

उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा (UPTET 2026) में सम्मिलित अभ्यर्थियों का परिणाम दिनांक 26.08.2026 को घोषित किया गया है जिसमें प्राथमिक स्तर (कक्षा 01 से 05 तक) हेतु परीक्षा में सम्मिलित कुल **713648** अभ्यर्थियों में से **(80.07 प्रतिशत) 571435** अभ्यर्थी तथा उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा 06 से 08 तक) हेतु परीक्षा में सम्मिलित कुल **1057021** अभ्यर्थियों में **से (71.85 प्रतिशत) 759513** अभ्यर्थी सफल घोषित हुए है।

आयोग द्वारा सभी सफल अभ्यर्थियों का प्रमाण–पत्र निर्गत कर दिया गया है। अभ्यर्थीगण आयोग की वेबसाइट https://www.upessc.up.gov.in/ पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपना अनुक्रमांक व जन्मतिथि प्रविष्ट कर अपना प्रमाण–पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। उक्त प्रमाण–पत्र डिजिलॉकर के माध्यम से भी यथाशीघ्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकेगा।

उपसचिव